छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर – 19,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) 492002
Email -hocecb@gmail.com

क्रमांक   /मुख्या./तक./छ.ग.प.सं.मं./2025   नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक   / /2025

––::कार्यालय आदेश::––

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की 56वीं बैठक दिनांक 17/01/2025 के एजेण्डा बिन्दु क्रमांक–14 में जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा '25' एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा '21' के तहत् उद्योगों/संस्थाओं को जारी किये जाने वाले सम्मति नवीनीकरण के संबंध में मंडल द्वारा जारी आदेश क्रमांक 5937/मुख्यालय/तक./छ.ग.प.सं.मं./2018, नया रायपुर, दिनांक 29/01/2018 में निम्नानुसार संशोधन किया गया है :–

1. कार्ययोजना के साथ बैंक गारंटी केवल प्रथम संचालन सम्मति के समय ली जाएगी तथा संचालन सम्मति पत्र में कार्यो की पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख किया जावे।

2. ऐसे उद्योग/संस्थान/परियोजना जिन्होने पूर्व जारी संचालन सम्मति/सम्मति नवीनीकरण में अधिरोपित शर्तो का अपूर्ण/आंशिक पालन किया गया है, वह ऑटो रिनेवल के लिये पात्र नहीं होंगे। ऐसे प्रकरणों को साधारण नवीनीकरण मानते हुये क्षेत्रीय अधिकारी से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर विचार किया जायेगा। साथ ही Self-Certification (Annexure 'C') की आवश्यकता को विलोपित किया जाता है।

3. संचालन सम्मति एवं पूर्व में जारी सम्मति नवीनीकरण में अधिरोपित सभी शर्तो का पूर्ण रूप से पालन करने वाले उद्योग/संस्थान/परियोजना को ऑटो रिनेवल स्कीम के तहत् निर्धारित प्रपत्र Self-Certification (Annexure 'A') एवं Commitment Letter (Annexure 'B') आधार पर बिना निरीक्षण के सम्मति नवीनीकरण जारी किया जावे। नवीनीकरण जारी किये जाने के पश्चात् समय–समय पर निरीक्षण किया जावे।

यह आदेश दिनांक 01/02/2025 से प्रभावशील होगा।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक 9396/मुख्या./तक./छ.ग.प.सं.मं./2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17/1/2025

प्रतिलिपि :-

1. समस्त अधिकारी, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर/भिलाई–दुर्ग/बिलासपुर/रायगढ़/कोरबा/अंबिकापुर/जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)